लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

वेब सीरीज
'रक्तांचल' में नजर
आएंगी सौंदर्या
विविध-16

www.dailypioneer.com

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 8 फरवरी 2020

ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधानों की उपलब्धता पर किया मंथन

● एसएमएस में हुआ दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज, लखनऊ में दो दिवसीय सोर्सेज़ ऑफ प्लैनेट एनर्जी, इनवायरमेंटल एण्ड डिजास्टर साईन्स: इम्पैक्ट ऑफ नॉन कन्वेन्शनल एनर्जी रिसोरसेज विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी में देश-विदेश के वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविद्ों ने भाग लिया तथा भविष्य में जनसामान्य के लिये ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधानों की उपलब्धता पर विचार मंथन किया। संगोष्ठी के प्रथम दिन इनाग्रल सेशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, मुख्य अतिथि ने पधार कर संगोष्ठी को सम्बोधित किया, उन्होंने अपने सम्बोधन में सौर ऊर्जा को वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन के रूप में उपयोगिता पर बल दिया। प्रो. एसके शुक्ला, भूतपूर्व कुलपति, रॉची विश्वविद्यालय एवं इंडियन नेशनल साईस एकेडमी से डॉ सीएम नौटियाल, इंस्टीट्यूशन्स ऑफ इंजीनियर्स यूपी. स्टेट सेंटर, लखनऊ के चेयरमैन आरके त्रिवेदी ने अपने सम्बोधन में ग्लोबल टैम्प्रेचर पर चिंता व्यक्त करते हुए वैकल्पिक संसाधनों पर जोर दिया। सभी वक्ताओं ने अपने सम्भाषण में अलग-अलग वैकल्पिक संसाधनों की उपयोगिता के महत्व को बताया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज, लखनऊ के निदेशक प्रो. मनोज मेहरोत्रा ने वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविद्ों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। संगोष्ठी के दूसरे दिन वैलीडेक्ट्री सेशन का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. वीके सिंह, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी, गोरखपुर के साथ ही प्रो. ओंकार सिंह, भूतपूर्व कुलपति, मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखपुर भी भाग लेंगे।